हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026



# लगातर शिकायतों के बाद बजरंगपुर-नवागांव में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में जारी अवैध कॉलोनियों एवं प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के तहत प्रशासनिक टीम ने सोमवार को शहर से लगे नवागांव-बजरंगपुर में मोरध्वज देवांगन द्वारा की जा रही एक अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लिया है। एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व एवं निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए उक्त कॉलोनी में जेसीबी से सड़क और नाली उखाड़ने का काम किया। बताया गया कि संबंधित भू-माफिया के खिलाफ लंबे समय से उस इलाके में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जिसकी शिकायतें भी लगातार प्राप्त हो रही थी, जिसको देखते हुए ही कलेक्टर के निर्देश पर यह एक्शन लिया गया है।

## संबंधित भू-माफिया द्वारा पहले भी की गई अवैध प्लाटिंग, सांठगांठ से चल रहा था कारोबार

### अतिक्रमण नहीं करने हिदायत

जिला प्रशासन की टीम मौके में पहुंचकर नाली और सड़क को जेसीबी मशीन से तोड़फ़ोड़ किया गया। इस दौरान अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है।



### इन खसरों पर एक्शन

संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई मे खसरा नंबर 213/112 रकबा 0.009 हेक्टेयर, खसरा नंबर 213/113 रकबा 0.030 हेक्टेयर, खसरा नंबर 213/114 रकबा 0.029 हेक्टेयर, खसरा नंबर 213/115 रकबा 0.047 हेक्टेयर, खसरा नंबर 213/116 रकबा 0.034 हेक्टेयर, खसरा नंबर 213/117 रकबा 0.0086 हेक्टेयर, खसरा नंबर 213/118 रकबा 0.0092 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 213/119 रकबा 0.0256 हेक्टेयर में अवैध प्लाटिंग तथा शासकीय भूमि खसरा नंबर 213/1/ख/1 रकबा 0.127 एवं खसरा नंबर 213/107 रकबा 0.142 हेक्टेयर में मोरजध्वज देवांगन द्वारा नाली और सड़क निर्माण कर अतिक्रमण करते हुए कॉलोनी निर्माण किया जा रहा था।

उल्लेखनीय है कि जिस तरह जिले में धान की तस्करी के खिलाफ प्रशासन ने अभियान शुरु किया है। उसी तरह कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं नगर पालिक निगम की संयुक्त टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग तथा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए जेसीबी मशीन से नाली और सड़क को तोड़ा गया। वहीं आगे भी अवैध प्लाटिंग नहीं करने हिदायत दी गई है।

## जिले में वीएसके एप में 88% रजिस्ट्रेशन, सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य

# वीएसके एपः स्कूल में उपस्थित फिर भी मैपिंग में बाजार में दिख रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर


राज्य शासन के निर्देश पर स्कूलो में आनलाईन अटेंडेस के लिए लांच किए गए वीएसके एप में जिले में भले ही 88 फीसदी शिक्षक जुड़ गए है लेकिन एप में सामने आ रही तकनीकी दिक्कतों से भी उन्हें अच्छा खासा जुझना पड़ रहा है। स्कूल में उपस्थित होने के बाद भी मैपिंग में उन्हें दो से 20 किलोमीटर तक दूर दिखाया जा रहा है।

यहीं कारण है कि उनकी हाजिरी लगने की बजाए एप उन्हें अनुपस्थित बता रहा है। इधर छुरिया और डोंगरगढ़ के कुछ गांवो में नेटवर्क की समस्या से भी शिक्षको को हलाकान होना पड़ रहा है। यहीं कारण है कि 88 फीसदी रजिस्ट्रेशन के बाद भी सिर्फ 52 फीसदी शिक्षको की ही आनलाईन अटेंडेस लग पा रही है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने एक जनवरी से प्रदेश के सभी विभागो में आनलाईन अटेंडेस के लिए वीएसके एप लांच किया है। इस एप के जरिए ही सरकारी महकमे के अधिकारियो से लेकर कर्मियो की उपस्थिति की पड़ताल की जा रही है। विरोध के बीच राजनांदगांव जिले के शिक्षा महकमे में अभी तक 88 फीसदी शिक्षको ने इस एप में अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है। इस एप में सर्वाधिक दिक्कतें मैपिंग को लेकर सामने आ रही है। शिक्षक जब एप में थम लगा रहे है तो स्कूल की बजाए उन्हें दो से 20 किलोमीटर दूर किसी बाजार, जंगल या गांव आदि में होना दिखाया जा रहा है। यहीं कारण है कि 88 फीसदी शिक्षको के रजिस्ट्रेशन के बाद भी सिर्फ 52 फीसदी शिक्षको की ही आनलाईन अटेंडेस लगा पा रही है। जिससे आंकड़े सही नहीं आ रहे है।

### खास बातें

- एक जनवरी से हाजिरी के लिए अनिवार्य किया गया वीएसके एप
- जिले में अब भी 12 फीसदी शिक्षकों का पंजीयन बाकी



### रियल टाइम उपस्थिति बताएगए एप

बताया गया कि ऐप से शिक्षकों की रियल टाइम उपस्थिति का पता चलेगा। साथ ही गड़बड़ी कर अटेंडेंस लगाने वाले शिक्षकों पर लगाम लगाई जा सकेगी। ऐप विद्या समीक्षा केंद्र द्वारा संचालित है, जो डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए स्कूलों से वास्तविक समय का डेटा एकत्र करता है और उसका विश्लेषण करता है।

### फिल्ड में ड्यूटी कर रहे शिक्षक हलाकान

एप के लांच होने बाद सर्वाधिक दिक्कतें फिल्ड के काम कर रहे शिक्षको को हो रही है। संकुल समन्वयको की जहां आनलाईन हाजिरी नहीं लग पा रही है। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने वाले शिक्षको की अनुपस्थिति शो हो रही है। मेडिकल अवकाश से लेकर तबादले में आए शिक्षको को भी इस परेशानियों से जुझना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग ने राज्य शासन को पत्र लिखकर दिक्कतों से अवगत करा दिया है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि शीघ्र ही इसमें सुधार हो जाएगा।

### शिक्षकों द्वारा विरोध भी शुरु

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग ने हाल ही में विद्या समीक्षा केंद्र यानि वीएसके ऐप के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य की है. शिक्षकों का आरोप है कि इस ऐप के इस्तेमाल से उनकी निजता और डेटा सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा है. साथ ही, शिक्षकों ने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए ठगी की आशंका भी जताई है. शिक्षकों की मांग है कि इस अनिवार्य ऑनलाइन व्यवस्था पर फिर से विचार किया जाए।

## एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों ने किया प्रदर्शन

# आरक्षण पर अभद्र टिप्पणी, आरोपी को गिरफ्तार करने पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी वर्ग के लोगों के खिलाफ आरक्षण के मामले को लेकर एक भाजपा नेता मनीष जैन द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले को लेकर लोगों में आक्रोश भड़क आया। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग में एसटी, एससी और ओबीसी के सैकड़ो लोग आज सड़क पर उतर आये और चक्का जाम कर दिया।

सड़क चिरचारी निवासी मनीष जैन द्वारा अपने मोबाईल से अपने सोशल मिडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रेरक विचार, एसटी, एससी, ओबीसी समाज को संविधान से मिले मूल हक आरक्षण पर अभद्र टिपण्णी कर संप्रादायिक हिंसा तथा सामाजिक शांति को भंग करने का आरोप लगा है। मनीष जैन के द्वारा आरक्षण पर किए गए अभद्र टिप्पणी से एसटी, एससी, ओबीसी समाज आक्रोशित है। जिसके चलते सोमवार को चक्काजाम किया गया।



### आरोपी को गिरफ्तार करने मांग

इस मामले में बीते दिनों एसटी, एससी और ओबीसी समाज की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें आरक्षण के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने से चक्का जाम किए जाने की चेतावनी दी गई थी। इधर मामले में एफआईआर के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिसको लेकर आज सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आये और नेशनल हाईवे जाम कर दिया।

### आश्वासन के बाद सड़क से हटे प्रदर्शनकारी

सड़क चिरचारी के समीप लगभग घंटे भर हुए इस चक्का जाम से दोनों ओर आवागमन बाधित हो गया। लगभग 20 मिनट बाद मौके पर पुलिस पहुंची। इधर चक्का जाम की सूचना मिलने पर पहुंचे एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र नायक द्वारा बताया गया कि आदिवासी समाज के खिलाफ टिप्पणी में आरोपी पर एफआईआर दर्ज किया जा चुका है। वहीं आरोपी मनीष जैन अस्वस्थ है और अस्पताल में भर्ती है । जिसकी वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा इस मामले में पुलिस निष्पक्षता से कार्रवाई करेगी। आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम समाप्त किया।

## खबर संक्षेप

### 700 क्विंटल धान के साथ तीन वाहन जब्त



**राजनांदगांव।** धान की अवैध तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत सोमवार को प्रशासन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट में 668 क्विंटल धान के साथ दो ट्रक एवं एक पिकअप वाहन जब्त करने की कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ आने वाले वाहनों की चेकपोस्ट में जांच की जा रही है। इसी दौरान रविवार की देर रात जांच में दो ट्रक में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के वाडसा से धान लेकर आ रहे थे। उक्त धान के संबंध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद उक्त वाहन सहित 640 क्विंटल धान को जब्त किया गया। वहीं दूसरे मामले में डोंगरगढ़ में पिकअप वाहन से 28 क्विंटल धान जब्त किया गया।

### वाद विवाद पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद विवाद कर शांति भंग करने वाले एक युवक के विरूद्ध चिखली चौकी पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में अभियान के तहत 12जनवरी को चौकी चिखली मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई किया जा रहा था। इस दौरान शीतला मंदिर के पास चिखली मे अनावेदक गंगु यादव उम्र 47 साल निवासी शीतला मंदिर के पास चिखली द्वारा पुलिस को देखकर किसने बुलाया है कहकर वाद विवाद कर शांति भंग करने की अंदेशा पर अव्यवस्था फैलाने वाले को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।

# तापमान पहुंचा 10 डिग्री, अगले तीन दिन मिलेगी राहत, फिर लुढ़केगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पिछले कुछ दिनों से जारी ठंड के कहर से राहत मिलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक अंचल में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़त देखने को मिलेगी।

हालांकि उसके बाद फिर से ठंड में इजाफा देखने को मिल सकता है। बताया गया कि गुरुवार के बाद से दोबारा रात के तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। इधर सोमवार को अंचल का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर पहुंच गया है।

इधर मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार अंचल सहित छत्तीसगढ़ में अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड से राहत रहेगी। रात के तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है, यह अभी सामान्य के आसपास है। अगले चार दिनों तक इसमें कमी या बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस वजह से अगले कुछ दिनों तक ठंड लौटने की संभावना नहीं है। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पूर्वी भारत में एक जेट स्ट्रीम है। इसकी वजह से उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवा थोड़ी रुक गई हैं। इसके आंशिक असर से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कमी अगले कुछ दिनों तक थमी रहेगी। बस्तर में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है।

### दिन का पारा 28 डिग्री पर पहुंचा

राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम पारा 10 डिग्री पर आ गया है। जबकि जनवरी के पिछले दस दिनों में पूरे अंचल में अच्छी ठंड पड़ी, राजनांदगांव सहित दोनों नवगठित जिलों में कुछ जगहों पर शीतलहर चली। हालांकि अब दिन में बादल छाए रहने के चलते आगामी 15 जनवरी के बीच ठंड से थोड़ी राहत रहेगी। जिसका असर सोमवार को भी देखने को मिला। मौसम विज्ञानियों के अनुसार कड़ाके की ठंड और शीतलहर जैसी स्थिति के लिए तापमान का सामान्य से चार से पांच डिग्री कम होना चाहिए।

# नल के पानी से निकल रहे कीड़े, बसंतपुर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश...सेहत पर पड़ रहा सीधा असर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए गंभीरता दिखाते हुए महापौर मधुसूदन यादव और नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा शहर के विभिन्न पानी टंकियां की सफाई कराई जा रही है। लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में वाटर सप्लाई पाइप लाइन को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने के चलते लोगों के घरों तक गंदा पानी पहुंच रहा है। जल संयंत्र में वाटर फिल्टर किया जा रहा है, टंकियां की सफाई की जा रही है, लेकिन लोगों के घर तक पहुंचने वाले पाइप लाइन में खामियां नजर आती है। कई क्षेत्रों में पाइपलाइन नाली से होकर गुजर रही है। वही पाइपलाइन में लिकेज के चलते लोगों के घरों तक साफ पानी नहीं पहुंच रहा। वार्ड नंबर 42 में नल से आ रहे पानी में लोगों को बारीक इल्लियाँ और परजीवी कीड़े दिखाई दिए। पूर्व पार्षद के द्वारा तत्काल इसकी सूचना निगम आयुक्त को दी गई। इसके बाद आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जल विभाग की टीम को मौके पर भेजा। नगर निगम की टीम के द्वारा पाइप लाइन में लीकेज की जांच के लिए जेसीबी की मदद से गड्ढा कर समस्या की तलाश की गई।

**पाइपलाइन फूटने के भी मामले:** इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौत के बाद पेयजल को लेकर गंभीरता दिखाई जाना लाजमी भी है। निगम द्वारा टंकियों की सफाई तो की जा रही है लेकिन पाइपलाइन में लीकेज के चलते शुद्ध पानी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बताया जा रहा है कि कई क्षेत्रों में अभी पुराने पाइपलाइन के माध्यम से ही वे जल सप्लाई हो रही है। वही नई पाइपलाइन को भी पुराने पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से पाइप लाइन फूटने की समस्या है ।

### शुद्ध पानी के लिए संघर्ष

बसंतपुर क्षेत्र में इससे पहले भी पेयजल को लेकर समस्या सामने आई थी। यहां पर दूषित पानी पहुंचने से लोगों को पीलिया और चर्म रोग हुआ था। वहीं अब नल के पानी से कीड़े निकालने की वजह से लोगों में इसको लेकर आक्रोश नजर आ रहा है। इस क्षेत्र में लगातार शुद्ध पेयजल को लेकर लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है।

### पूर्व पार्षद ने लगाया आरोप

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि वाटर सप्लाई के लिए जिस भगोड़ी कंपनी को काम से बाहर किया गया था, उसे पुनः काम सौंपना भी गंभीर मामला है। आज उसी लापरवाही का नतीजा सामने है। उन्होंने कहा कि पहले भी कंपनी के लापरवाही सामने आ चुकी है इसके बाद फिर से इसे काम देना लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

## आज राजनांदगांव में होगा पट्टाचार्य का आगमन, तैयारियां पूरी

# पट्टाचार्य का डोंगरगढ़ आगमन, भक्तों ने लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

108 पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ (25 मुनिराज) का 12 जनवरी सोमवार को प्रातः धर्म नगरी डोंगरगढ़ में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर साधर्मी बंधुओं ने जय–जयकार कर मुनिसंघ की अगवानी की। वहीं पट्टाचार्य के आगमन पर सभी साधर्मियों ने घर के सामने एवं रास्तों में रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर एवं मुनि संघ की आरती कर एवं उनके पाद प्रक्षालन कर उनका अपने नगर में हर्षोलास के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया।

पंडित जवाहर लाल नेहरु महाविद्यालय के पास से शोभायात्रा कचहरी चौक से भगत सिंह चौक होते हुए श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची। मुनिसंघ ने श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान के दर्शन किये तत्पश्चात जैन भवन में श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन एवं सचिव सुरेश चन्द जैन और उपस्थित महानुभावों ने मुनि संघ के साथ पद विहार कर आ रहे साधार्मियों को श्रीफल भेंट कर, तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण कर, भगवान का चित्र अनावर्ण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।



### चंद्रगिरी भी गए पट्टाचार्य

दोपहर में 108 पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ (25 मुनिराज) श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी एवं 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के समाधी स्थली के दर्शनार्थ चंद्रगिरी पहुंचे। यहाँ मुनिसंघ की अगवानी के लिये 105 आर्यिका श्री सिद्धांतमति माता जी ससंघ, प्रतिभास्थली कि छात्राये एवं ब्रह्मचारिणी दीदीयां उपस्थित थी जिन्होंने रंग बिरंगी रंगोली बनाकर, आरती कर एवं पाद प्रक्षालन कर मुनिसंघ का स्वागत, अभिनन्दन किया।

### जीव दया सर्वोपरिः पट्टाचार्य

अपने संबोधन में पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने कहा जीव दया सर्वोपरि है, एक चीटी की जान बचाना भी दया धर्म है और अहिंसा का मार्ग है। जीव की कभी मृत्यु नहीं होती है, वह एक पर्याय से दूसरी पर्याय में अपने कर्म के अनुरूप भ्रमण करते रहता है. मनुष्य, तिर्यंच, देव, नारकी। जिस प्रकार जल का स्वाभाव शीतल, अग्नी का स्वभाव उष्ण होता है उसी प्रकार हर कार्य का कोई न कोई कारण अवश्य ही होता है. बीना कारण के कोई कार्य नहीं होता है परन्तु कोई भी कार्य धर्म नहीं होता है धर्म तो धर्म ही होता है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD,
DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण

**तुमडीबोड।** ग्राम में नवीन पाठयक्रम आधारित एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में तेंदूनाला, तिलईरवार, टप्पा तुमड़ीबोड़, धौराभाटा, खपरी, आरगांव संकुल की प्राथमिक शाला के शिक्षक शामिल हुए। आयोजन के पहले दिन संकुल प्राचार्य डॉ एम वर्गीस, किशन देशमुख, धनसाय सलामे ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। द्वितीय दिवस बीईओ आरएल पात्रे, बीआरसी अरविंद रत्नकार ने निरीक्षण किया और सभी शिक्षकों को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने निर्देशित किया। उन्होंने प्रशिक्षण के बाद बच्चों को शिक्षण कार्य कराने कहा। अंतिम दिवस एफएलएन मेला आयोजित कर शिक्षकों ने शिक्षण सामग्री प्रदर्शित किया। मास्टर ट्रेनर ईश्वर जोशी, श्वेता श्रीवास्तव, खिलेंद्र हिरवानी थे।

### नागतराई मड़ई 24 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम नागतराई में आगामी 24 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में ओनवा रवेली का छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। ग्राम प्रमुख भुवनदास वर्मा, सचिव युगेश पटेल, रमेश वर्मा, सरपंच आदि ने अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### कलकसा में कबड्डी स्पर्धा 23 से

**डोंगरगढ़।** ग्राम कलकसा में आगामी 22 जनवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में चंदेनी गोंदा का मंचन होगा। ग्राम में आगामी 23 एवं 24 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजक नरोत्तम कुंजाम, अशोक साहू, बरमा मंडावी ने क्षेत्रवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### चिंगरी में शिवमहापुराण कथा आज से

**अंजोरा।** चिंगरी में कल शिवमहापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। यह कार्यक्रम कल 13 जनवरी से 19 जनवरी तक बस्ती पारा बाजार चौक में होगा। कल सुबह कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन शिव महिमा से जुड़े विविध प्रसंगों का विस्तार से वाचन किया जाएगा।कल 13 जनवरी को कलश यात्रा, बेदी पूजन, महात्म सृष्टि विस्तार होगा। कार्यक्रम का आयोजन मां अंबे दुर्गोत्सव नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों ने किया है।

### मानस गायन 13 और 14 को

**चारभांठा।** ग्राम बागरेकसा में 13 एवं 14 जनवरी को रामचरित मानस गायन का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय होंगे। ग्राम में आगामी 15 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में जय मां शेरावाली नाच पार्टी मौलीभाठा का मंचन होगा। यह जानकारी सरपंच पवन ने दी।

### कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र बरगा पहुंचकर आपदा मित्र प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात की। कलेक्टर ने युवाओं से प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल का विकास करने, आपदाओं के समय स्वयंसेवक के रूप में आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाने एवं ज्यादा से ज्यादा नागरिकों तक आपदा से बचाव के उपाय पहुंचाने कहा। कलेक्टर ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) एवं जिला सेनानी के अधिकारियों को पाठ्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में 800 (एनएसएस, एनवायकेएस, एनसीसी, बीएसजी) युवा आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में 200 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वनांचल की सोसाइटियों में धान खरीदी जारी

# धान कोचियों पर प्रशासन की पैनी नजर, लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य अंतिम चरण पर है। इस दौरान अवैध धान खपाने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार सघन कार्रवाई की जा रही है। राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग की टीमें उपार्जन केंद्रों, परिवहन मार्गों एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं।

धान खरीदी नीति के टोकन प्रणाली, किसान पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं भौतिक जांच अनिवार्य की गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर रकबा समर्पण, खरीदी निरस्तीकरण एवं विधिसम्मत कार्रवाई का प्रावधान है। तहसीलदार मानपुर शुभांगी गुप्ता एवं खाद्य निरीक्षक हेमंत नायक ने गत दिनों भर्रीटोला सेवा सहकारी समिति में संदिग्ध दूसरे एवं तीसरे टोकन की जांच की। जांच के दौरान ग्राम कुम्हारी निवासी रामरैया आ घसियाराम के नाम से कटे 98 क्विंटल धान के टोकन का भौतिक सत्यापन किया गया। किसान के पास धान उपलब्ध नहीं पाए जाने पर रकबा समर्पण की कार्रवाई की गई।



### महाराष्ट्र का धान बरामद

खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई करते हुए कोड़ेमरा निवासी हेमशंकर पड़ौती द्वारा महिंद्रा ट्रैक्टर से मुरुमगांव से 120 कट्टा पतला धान बिना वैध दस्तावेज के परिवहन करते हुए पकड़ा। धान एवं ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस चौकी पाटनखास को सुपुर्द किया गया। खाद्य विभाग की एक अन्य कार्रवाई में सरोली निवासी कोचिया योगेंद्र सिन्हा को नरसिंग घावडे के टोकन पर 250 कट्टा धान बेचते हुए पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर किसान ने कोचिया का धान होना स्वीकार किया गया। मौके पर 250 कट्टा धान जप्त कर सेवा सहकारी समिति मानपुर के सुपुर्द किया गया।

### टोकन जांच के बाद धान खरीदी के निर्देश

अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने पटवारियों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक में धान खरीदी को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री मरकाम ने सभी टोकनों की गहन जांच और सत्यापन के बाद धान खरीदी करने कहा। बैठक में धान के अवैध परिवहन को रोकने, कोचियों द्वारा बेचे जा रहे धान की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों के रकबे में कोचियों का धान बिकते हुए पाया जाएगा, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# नहीं पटाया बिल, 468 का बिजली कनेक्शन कटा

- 482 से वसूला 12 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्यपालन अभियंता बी उइके के मार्गदर्शक में बकायादार उपभोक्ताओं से बकाया बिल राशि की वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत संभाग अंतर्गत आने वाले कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केंद्रों के बकायेदार 468 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किया गया। इस अभियान में 482 बकायादार उपभोक्ताओं से 12 लाख 11 हजार की राशि वसूल की गई।

गौरतलब है कि पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि पर बिजली बिल के भुगतान के लिए प्रति माह स्पॉट मीटर रीडरों के जरिये उनके घर पर ही विद्युत देयक उपलब्ध कराया जाता है। बिजली बिल के भुगतान में देरी होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल अदा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके ने बताया कि उपसंभाग स्तर पर मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 468 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 22 लाख 89 हजार रुपए बकाया था, के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं।

### मीटरों का निरीक्षण

अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा मीटर वाचन के कार्यों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। श्री उइके ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगें। इस कार्यवाही के दौरान सर्विस कनेक्शनों में बायपास एवं हुकिंग कर बिजली चोरी के प्रकरण पाये जाने पर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

# परिचय सम्मेलन का आयोजन

- सामाजिक आयोजन के लिए अग्रवाल समाज की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा आयोजित एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने किया। उन्होंने समाजिकजनों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज के लोगों की संख्या में जरूर काम है लेकिन वह दान, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में अग्रणी है।

अग्रवाल समाज की सेवा भाव पूरे भारत में जानी जाती है। अस्पताल, धर्मशाला, मंदिर निर्माण आदि में भी अग्रवाल समाज अग्रणी है। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे वर्तमान की आवश्यकता बताया। समापन समारोह के अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि युवा अग्रवाल मंच एक ऐसी जवाबदारी निभा रहा है जो माता-पिता और समाज की है। आयोजन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि व्यापार के साथ प्रशासनिक पदों पर अग्रवाल समाज के युवक और युवतियां नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने रिश्तों के टूटने पर चिंता जताते हुए कहा कि युवक और युवासियों को समझने की आवश्यकता है।



# निः स्वार्थ सेवा दे रही मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

ग्राम आलीखूंटा में विकासखंड स्तरीय मितानिन सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी।



अन्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू शामिल हुई। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोटी ने की। विशेष अतिथि के रूप में मनीष साहू, जया साहू, कमलेश साहू, भोज ठाकुर, पन्नालाल साहू मौजूद थे। कार्यक्रम में 400 से अधिक मितानिनों को उनके निस्वार्थ सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया।ग्राम पंचायत कोपेडीह की स्वच्छता दीदियों एवं कोटवारों का भी सम्मान किया गया। स्वास्थ्य एवं रक्त जांच शिविर में 500 से अधिक लोगों ने जांच कराकर परामर्श लिया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तुमडीबोड तथा नवजीवन दीप मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल राजनांदगांव के डाक्टरों ने अपनी सेवाएं दी।

### पुलिस ने ग्रामीणों को किया सतर्क

समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. रुबीना अंजुम थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने की। विशेष अतिथि मदन साहू, भुनेश्वरी साहू, भुवाल साहू, लीकेश गंधर्व, हेमंत साहू, खेमलाल चंद्रवंशी, विनाधर वर्मा, टीकम चंद्रवंशी थे। समापन कार्यक्रम में नवजीवन दीप मल्टी स्पेशलिस्ट के डॉ. चेतन साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तुमडीबोड की डॉ. प्रिया चंद्रवंशी, डॉ. त्रिपाठी सहित स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस चौकी तुमडीबोड के टी पटेल ने ग्रामीणों को अपराध से बचाव के सुझाव दिए। संचालन सचिव योगेश साहू एवं रेखलाल पटेल ने किया। स्वागत भाषण सरपंच बीरसिंग कंवर ने दिया। अंत में आभार प्रदर्शन जनपद सदस्य सरिता साहू ने किया।

# प्रसाद योजना के भवन में अनियमितता

## विधायक ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

- कांग्रेस ने की जांच की मांग,
- आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने प्रसाद योजना के तहत निर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसाद योजना के भवन निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी और अनियमितता का खुलासा हुआ। रविवार को विधायक श्रीमती बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंची थी।

निर्माण स्थल का जायजा लेने के बाद उन्होंने कई अनियमितताओं को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए समिति का गठन नहीं किया गया, जिससे निर्माण में पारदर्शिता का अभाव रहा। उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए बताया कि इस परियोजना की व्यवस्था या प्रगति की जानकारी किसी को नहीं दी गई, जिससे निगरानी नहीं हो पाई।



### अधूरा निर्माण, शुरू हुई मरम्मत

उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण अधूरा है। भवन के पूर्ण होने के पहले मरम्मत करने की स्थिति आ गई है। कार्य कब शुरू हुआ और कब तक पूर्ण किया जाना है? यह भी तय नहीं है। उन्होंने बताया कि घटिया निर्माण के चलते स्लैब फटे हुए हैं।

दीवारों में दरारें आ गई है। कई जगह पीओपी उखड़ रही है। दीवारों में सीपेज हो रहा है। विधायक बघेल ने निर्माण को पैसों की बर्बादी बताते हुए मामले की उच्च-स्तरीय जाँच की मांग की है। उन्होंने कहा जो बिल्डिंग बनने से पहले ही टूटने लगी हो, वह सीधे तौर पर जनता के साथ धोखा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले पर कार्यवाही नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा।

# राम के आदर्श आत्मसात करने से ही जीवन का होगा उद्धार

- दो दिवसीय मानस गायन स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



ग्राम में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों किया गया। प्रतियोगिता में 20 मानस मंडलियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं समापन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता जिपं सदस्य किरण विनोद बारले ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में तुलसी साहू, सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा मौजूद थे।

इस मौके पर श्रीमती बघेल ने कहा कि हम सब को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए तभी उद्धार हो सकता है। सभा को श्रीमती बारले ने भी संबंधित किया। इस दौरान चंद्रकांत देवांगन, विरेन्द्र हिरवानी,चतुर साहू, गंगाराम साहू, रोहित साहू, दीपक साहू, रोशन साहू, ललित यदु, यशवंत साहू, कोमल मैथिल क्षत्रिय, रविलाल वर्मा, भैया राम, गौतम, फागुराम साहू, कृपाराम पाल, तोरण साहू आदि मौजूद थे। निर्णायक भुवन कौशल, माधव शंकर साहू थे। संचालन रामदिल वर्मा एवं रोहित निर्मलकर ने किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम जागृति मानस मंडली जामुल, द्वितीय अंजनेय मानस मंडली बागबाहरा, तृतीय नवनीत मानस मंडली अहिवारा, चतुर्थ नव दुर्गा मानस मंडली आमगांव, पंचम सांई मानस मंडली अण्डा, महिला वर्ग में प्रथम नवनीत बालिका मानस मंडली अंबागढ़ चौकी, द्वितीय अदिति हर्षा बालिका मानस मंडली बागबाहरा, तृतीय श्रद्धा महिला मानस मंडली पेरपार, चतुर्थ मां लक्ष्मी महिला मानस मंडली अहिवारा रही।

# विवेकानंद के आदर्शों को अंगीकार करने आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य ने युवाओं को स्वामी के विचारों से सीख लेकर नशा, आलस्य और नकारात्मक सोच से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण के महत्व को स्पष्ट किया।

इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें प्रथम स्थान योगेश निषाद ने प्राप्त किया। उन्होंने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत में युवाओं के योगदान पर अपने विचार रखे। द्वितीय स्थान पर खुशबू देवांगन रही जिन्होंने कहानी के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष चांदनी पराते ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। इस अवसर में अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, डॉ हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, खेलन साहू, चंद्रकांत कुंभकार, डॉ लव कुमार वर्मा, ओमप्रकाश सहारे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन चांदनी पराते, संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभी जैन ने किया।

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में अनुज साहू एवं मनोज साहू ने अपने विचार रखे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन, युवाओं के प्रति उनके संदेश तथा उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत जैसे प्रेरक विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरपंच अमरलाल मेरावी, अग्नू साहू, दीनू कुंभकार, प्रधान पाठक पन्नालाल जंघेल, गल्लाराम रोड़गे, सुमित्रा कामड़े, धर्मशीला जंघेल, उजय जंघेल, चेतराम वर्मा उपस्थित थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



### बच्चों ने प्रस्तुत किया गीत, कविता



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव थलेश साहू एवं अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय के भैया बहनों ने भाषण, कविता, गीत आदि के माध्यम से अपने विचारों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में निशांत जैन, आरोही, गर्भित जैन, ऊष्मिता चोरवाडे, देव कुमार, रोधनसिंह राजपूत, दीक्षा ठाकुर, टिया निर्मलकर, देविका सिंहा और याशिका भारद्वाज सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे। श्री यादव ने स्वामी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संचालन ऋषभ वाल्दे ने किया।

### शराब का धंधा चरम पर

**डोंगरगढ़।** वनांचल में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इस क्षेत्र में शासकीय शराब दुकान के अलावा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से शराब लाकर बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार एक कोचिया के माध्यम से 8 से 10 लोग गांव में शराब बेच रहे हैं। बताया जाता है कि इस कारोबार में आबकारी विभाग और शराब दुकान के कर्मचारी शामिल है। हैरानी वाली बात यह है कि बोरतालाव थाने से महज 100 मीटर की दुरी पर शराब दुकान होने के बाद भी कोचिया शराब की निकासी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बोरतलाव से लगे पीपरखार, कारूटोला, कनेरी, सीतागोटा, गैंदाटोला, चारभाटा, बागरेकसा एवं मडियान से लगे आसपास गांव के अलावा कुछ ढाबो में चैनल बना कर शराब की सप्लाई की जा रही है। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच करेंगें। अवैध शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

रा.प्र.क्र. 202508291500008 अ/20 (3) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा ग्राम खैरागढ़ प.ह.न. 31 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा आवेदक कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता होने के कारण नगर खैरागढ़ मोहल्ला राजफैमिली ब्लॉक नं. 04 पर स्थित भूखंड क्र. 14/1 क्षेत्रफल 13,410 वर्गफुट में से 3025 वर्गफुट खाली जगह आबंटन किए जाने हेतु प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

अतएव ग्राम खैरागढ़ मोहल्ला राजफैमिली ब्लॉक नं. 04 पर स्थित भूखंड क्र. 14/1 क्षेत्रफल 13,410 वर्गफुट में से 3025 वर्गफुट खाली जगह को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में कार्यालय भवन निर्माण हेतु आबंटन किए जाने में जिस किसी को दावा प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 20/01/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 05/01/2026
सुनवाई दिनांक 20/01/2026

मुहर

तहसीलदार
खैरागढ़ (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा आज से

**राजनांदगांव।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे के मार्गदर्शन में राजनांदगांव प्रीमियर लीग सांसद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 13 जनवरी से म्युनिसिपल स्कूल के मैदान में किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने बताया कि सांसद कप राजनांदगांव प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 13 से 25 जनवरी तक किया जाएगा। यह रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता नगर के म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में संपन्न होगी। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करना, खेल भावना को बढ़ावा देना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव नगर के सभी वार्डों से एक-एक टीम भाग लेगी, जिससे प्रत्येक वार्ड को समान अवसर मिलेगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच 10-10 ओवर का होगा और एक गेंदबाज अधिकतम 3 ओवर गेंदबाजी कर सकेगा। टीमों को मैच से 30 मिनट पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा, तथा टॉस 20 मिनट पूर्व किया जाएगा। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच तथा टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन एवं बेस्ट फील्डर को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह आयोजन खेल के साथ-साथ अनुशासन, एकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करेगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागी वार्ड के खिलाड़ियों को टी-शर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन के फाइनल में विधानसभा के सम्मानित अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह को आमंत्रित किया गया है।

### जिपं उपाध्यक्ष ने किया रक्तदाताओं का सम्मान

**खैरागढ़।** ब्लाक के दिलीपपुर में छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित रक्तदान



शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। आयोजन समिति को जनहितकारी कार्यक्रम आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान माना जाता है। युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिए इससे न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचती है, बल्कि समाज में मानवता और सेवा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ऐसे आयोजनों को नई ऊर्जा मिलती है। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए विक्रांत सिंह ने उन्हे प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रक्तदाताओं को हेलमेट भी दिया और कहा कि सेवा के साथ सुरक्षा भी आवश्यक है। इस अवसर पर छात्र युवा मंच सदस्यों सहित कृष्णा वर्मा, बीरेश कुमार मेश्राम, लोकेश वर्मा, अर्जुन वर्मा, सुभाष सिंह, राजेन्द्र उइके, राधेश्याम जंघेल, सत्यम जंघेल, जिधन वर्मा, राजेन्द्र सेन, हेमकुमार सेन, साहिल जंघेल, हीरेन्द्र वर्मा और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शुभम कृष्णा का निधन



**राजनांदगांव।** गौड़ ब्राह्मण समाज के शिवकुमार बसोतिया तुमड़ीबोड वाले (महाराज) वर्तमान निवास अनुपम नगर कलर हाइट कालोनी के सुपुत्र शुभम कृष्ण का हृदयघात से दुःखद गोलोक धाम गमन 12 जनवरी सोमवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी मंगलवार को प्रातः 10 बजे निवास स्थान अनुपम नगर से मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

# तीन महीने की जद्दोजहद के बाद अंततः राधे को मिला आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आधार कार्ड की अनिवार्यता शुरू होने के तेरह साल बाद भी आधार कार्ड के अभाव में सरकारी योजनाओं का पात्र होने के बाद भी वंचित किल्लापारा के गरीब दिव्यांग को जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार की सजगता के चलते आखिरकार तीन महीने बाद आधार कार्ड मिला।

जानकारी अनुसार किल्लापारा निवासी राधेलाल यादव 46 साल के पास मतदाता परिचय पत्र के अलावा ऐसा कोई भी वैधानिक दस्तावेज नही था जिसके चलते पात्रता होने के बावजूद उसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें। एक हाथ की तीन उंगलियॉ कटने और वही हाथ लकवाग्रस्त होने के कारण जीवन यापन और काम मिलना दूभर हो गया था इस स्थिति मे इलाज के लिए भटकते राधे की मुलाकात जिला महामंत्री शशांक ताम्रकार से हुई जिसके बाद प्रक्रिया को नए सिरे से चालू कराने और उसे पूरा कराने में लगभग तीन महीने का समय लग गया, लेकिन अंततः राधे को उसका आधार कार्ड मिल गया और अब वो सरकारी योजना तहत राशन ले सकता है और निशुल्क इलाज करवा सकता है।




### इलाज के लिए मदद मांगने पहुंचा तो हुई जानकारी

2011 में आमनेर नदी में उफान के चलते ईतवारी बाजार के डोंगा नाला से सटे उसके घर में पानी भर गया। राशन पानी सहित सारा सामान और उसके राधे होने को लेकर स्कूल से मिला प्रमाणपत्र भी बह गया। कई महीने तक स्कूल मे शरण लेने के बाद घर वापसी हुई लेकिन 2012 में जारी आधार कार्ड की अनिवार्यता मे उसकर विकलांगता आड़े हाथों आ गई और तीन उंगलियॉ कटी होने के कारण उसका बायोमेट्रिक मशीन पर स्कैन नही हुआ। दर दर भटकने के बाद भी कही उसका आधार कार्ड नही बन पाया। इस बीच उसकी तबियत खराब हुई और मदद मांगने वो जिला महामंत्री की दुकान पहुंचा जहां उसने पूरी कहानी बताई और आधार कार्ड नही होने के कारण आयुष्मान कार्ड भी नही होने की जानकारी दी।

### केंद्रीय मंत्री तक लगाई गुहार

मामले को लेकर शशांक ने पहले कलेक्टोरेट में संपर्क किया। डिप्टी कलेक्टर सुमन राज ने बताया कि इस तरह के प्रकरण आने पर दिव्यांगता कोटे से आधार कार्ड बन जाता है। उन्होंने सीएससी सेंटर के आपरेटर को बुलाकर जल्द प्रक्रिया करने कहा पर आपरेटर से चूक हो गई और पंजीयन होने के बाद आधार कार्ड नही बन पाया। अक्टूबर महीने में पंजीयन रद्द होने की जानकारी मिलने के बाद शशांक ने केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव के कार्यालय से पत्र व्यवहार किया वहॉ से निर्देश मिलने के बाद पता चला कि नए जिले के तहसीलदारों का आईडी जनरेट नही हुआ है। लगभग तीन चार बार उनके पत्र व्यवहार बाद 9 जनवरी को मेल आया कि राधे यादव का आधार कार्ड उसी पंजीयन नंबर पर एलॉट हो गया है। सीएससी सेंटर से आधार की कापी लेकर शशांक ताम्रकार राधे के घर गए और उसे आधार कार्ड सौंपते हुए बताया कि अब उसे मोदी व साय सरकार की हर जनहितकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। प्रसन्न राधे ने उन्हें धन्यवाद दिया। शशांक ताम्रकार ने बताया कि अभी भी जिले में लगभग बीस से पचीस ऐसे लोग है जिनके बाद तेरह साल बाद भी अलग-अलग कारणों के चलते आधार कार्ड जनरेट नही हो पाया है। उनके लिए प्रयास जारी है।

# रणजी ट्रॉफी टीम में विकल्प का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। जिले के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी विकल्प तिवारी का छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की सीनियर टीम में चयन रणजी ट्रॉफी 2025-26 के लिए किया गया है। यह पहली बार है जब राजनांदगांव से किसी खिलाड़ी को कम उम्र में रणजी ट्रॉफी जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। छत्तीसगढ़ की टीम आगामी दो रणजी ट्रॉफी एलीट मुकाबलों में दिल्ली और हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी। छत्तीसगढ़ बनाम दिल्ली 22 से 25 जनवरी तक सीसीआई ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड, बेंगलुरु हैदराबाद बनाम छत्तीसगढ़ 29 से 1 फरवरी तक राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, हैदराबाद में मैच खेले जाएंगे। सीएससीएस द्वारा जारी आधिकारिक सूची में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें राजनांदगांव जिले से विकल्प तिवारी को शामिल किया गया है। यह चयन उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन, अनुशासन और मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। विकल्प तिवारी के चयन की खबर मिलते ही राजनांदगांव के खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और युवा खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय क्रिकेट जगत ने इसे जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।



### प्रेरणा बनेगा यह चयन

खेल विशेषज्ञों का मानना है कि विकल्प तिवारी का रणजी ट्रॉफी टीम में चयन यह साबित करता है कि यदि प्रतिभा और मेहनत हो, तो छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा जा सकता है। यह चयन राजनांदगांव में क्रिकेट के विकास को नई दिशा देगा। जिला क्रिकेट एसोशिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी सहित पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि बताती है कि मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से कोई भी खिलाड़ी बड़े मंच तक पहुंच सकता है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोशिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी हैं।

### संविधान सभा विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय कालेज के राजनीति शास्त्र विभाग मे संविधान सभा विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अंर्तमहाविद्यालयीन स्तर के आयोजन में वीरांगना अवंति बाई लोधी कालेज छुईखदान की व्याख्याता हुतेश्वरी साहू ने विषय को लेकर जानकारी दी और सवाल जवाब सत्र के दौरान स्टूडेंट्स की विषय संबंधी जिज्ञासाओं को दूर किया। इस दौरान डॉ उमेंद चंदेल, राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार आडवानी, यशवंत सोनी, डॉ पीके टांडिया सहित एमए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के स्टुडेंट्स मौजूद थे। व्याख्यान का समापन सुरेश कुमार आडवानी के आभार प्रदर्शन साथ हुआ।

# विवेकानंद स्कूल में युवा दिवस पर विधिक साक्षरता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वामी विवेकानंद स्कूल में युवा दिवस पर विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि शर्मा, डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष व शाला संस्थापक सचिन सिंह बघेल, अधिवक्ता मिहिर झा, पीएलवी गोलूदास साहू सहित स्टाफ की उपस्थिति मे शाला के बालक बालिकाओं को विभिन्न कानूनो की जानकारी दी गई।

मां सरस्वती के चित्र व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ सरस्वती वंदना हुई। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर ने विशेषकर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पास्को एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को लेकर विशेष जानकारी दी। पास्को एक्ट को लेकर बताया कि यह कानून बालक बालिकाओं का संरक्षण करता है। इसमें किसी भी प्रकार का शोषण होने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि शर्मा ने बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में बताते हुए कहा कि देश में विवाह के लिए लड़कियों की 18 और लडक़ों की 21 साल है इस उम्र से पहले शादी करना करना कराना दोनो कानूनी अपराध है इसमें शामिल व्यक्तियों के लिए सजा का प्रावधान है।

### अति सर्वत्र वर्जयेत

अधिवक्ता मिहिर झा ने बताया की विद्यालय आते समय या कहीं भी आते जाते आपको किसी भी प्रकार की मदद की जरूरत लगती हैं तो आप पुलिस से हर संभव मदद ले सकते हैं। अति हर चीज के विनाश का कारण बनता है मोबाइल का कई लोग दुरुपयोग करते हैं किसी भी घटना को नजर अंदाज नही करना चाहिए। जागरूकता से ही किसी बड़ी घटना से बचा जा सकता है पीएलवी गोलूदास साहू स्वामी विवेकानंद के विचारों को फिर से याद करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा ही समृद्ध देश का आधार और पीड़ित व निर्धन की सेवा ही सबसे बड़ी तपस्या है। इस दौरान बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### विचारों को आत्मसात करना जरूरी

वनमंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर के विकास के लिए भोजन आवश्यक है उसी प्रकार जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा का महत्व है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि शिक्षा को लेकर स्वामी विवेकानंद के विचार क्रांतिकारी थे। उनका कहना था कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन के हर पहलू में आत्मविश्वास और साहस को विकसित करने की प्रक्रिया है, जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।




## सार समाचार

### छग टीचर्स एसोसिएशन का टेबल कैलेण्डर विमोचित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन राजनांदगांव के प्रतिनिधिमण्डल ने महापौर मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निज निवास पर सुबह पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने शिक्षकों एवं



अन्य शासकीय कर्मचारियों के हितार्थ प्रकाशित नववर्ष के टेबल कैलेण्डर 2026 का अपने एसोसिएशन के संरक्षक महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से विमोचन करवाकर इसकी प्रति उपस्थित शिक्षक बन्धुओं को वितरित की। इस प्रतिनिधिमण्डल में छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद शुक्ला, जिला सचिव जीवन वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष हंस मेश्राम, जिला प्रवक्ता मनोज वर्मा, जिला महामंत्रीगण राजेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दिगंबर आचार्य विशुद्ध सागर महाराज का आज प्रवेश

**राजनांदगांव।** दिगंबर जैन समाज के नव पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज जी का ससंघ मंगल प्रवेश कल 13 जनवरी को राजनांदगांव संस्कारधानी में होगा।



दिगंबर जैन समाज के सचिव सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी के साथ 24 मुनियों का विशाल संघ छत्तीसगढ़ की धरा को पवित्र करते हुए राजनांदगांव आएगा। आचार्य श्री आज दिनांक 12 फरवरी को चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पर्वत पर दिगंबर जैन आचार्य समाधि सम्राट 108 विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल के दर्शन करने गए, तत्पश्चात पैदल विहार करते हुए राजनांदगांव शाम 4:00 बजे गुरुद्वारा चौक पहुंचेंगे। सूर्यकांत जैन ने बताया कि आचार्य श्री जी की मंगल अगवानी सकल जैन समाज दिगंबर जैन समाज एवं शहर की सभी धर्म प्रेमी जनता गुरुद्वारा चौक में करेगी। मंगल अगवानी में सु मधुर भजनों की प्रस्तुति के साथ नगर भ्रमण करते हुए दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन पहुंचेंगे जहां आचार्य श्री राजनांदगांव के मूल नायक भगवान 1008 श्री नेमिनाथ भगवान के दर्शन करेंगे एवं आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से बनने वाले उनके अंतिम प्रकल्प पाषाण के मंदिर निर्माण का अवलोकन करेंगे, उदयाचल प्रांगण में आचार्य श्री की मंगल देशना सुनने का लाभ सभी धर्मप्रेमी जनता को मिलेगा।

## शहर सहित जिलेभर में विविध आयोजन, पूजा अर्चना के साथ प्रसादी का वितरण

# युवा दिवसः शहर में निकाली रैली नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बूढ़ा सागर स्थित मातादेवाला परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती 2026 मनाई गई। उक्त अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की पूजा अर्चना के साथ पूर्व महापौर हेमा देशमुख द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।

जिसमें सर्वश्री डॉ.डी.सी. जैन, माता तिलोका लाला, मनोरमा श्रीवास्तव, डॉ. विद्याविलास श्रीवास्तव, विजय कौशिक वरिष्ठ पत्रकार को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शरद तिवारी, राज महाराज, घनश्याम वैष्णव, देवेन्द्र मोहन लाला, के द्वारा अपने शुभकामनाएं एवं विवेकानंद जी के प्रेरणा दायक धेय वाक्यों की व्याख्या करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए अमलेन्दु हाजरा ने बताया कि शहर में कमला कॉलेज के सामने विशालकाय स्वामी विवेकानंद जी की आदमकद मूर्ति स्थापित करने में पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के योगदान को शहर कभी नहीं भुला सकता। इस अवसर पर विजय कौशिक ने युवाओं को नशे से दूर रहने के संबंध में अपनी चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर जनसमुदाय ने स्वामी जी को पुष्प अर्पित कर स्वामी जी के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा को प्रकट किया और उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए देश के उज्जवल भविष्य के लिए सदैव प्रेरणादायी रहने के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम मेंऋषि शास्त्री पूर्व पार्षद, डा. कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, राजेश यादव, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, रिखी यादव, भागवत साहू, संतोष श्रीवास्तव, पोपट लाल श्रीवास्तव, हरिहारनो जी, राज महराज, राजा ठाकुर, दीपक श्रीवास्तव, घनश्याम वैष्णव, कबीर श्रीवास्तव, शैलेन्द्र तिवारी, विजय गोलछा, दिनेश नामदेव वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जनहित मंच के सचिव घनश्याम दास वैष्णव के द्वारा दी गई।



### अभिलाषा स्कूल में मना युवा दिवस

स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती पर स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के सदस्यों ने शीतला माता मंदिर प्रांगण स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर एवं अभिलाषा स्कूल में बच्चों को फल बिस्किट वितरण कर बच्चो के साथ स्वामी जी की जयंती मनाई।

मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बच्चों को बताया कि हम 15 वर्षों से स्वामी जी के विचारों आदर्शो पर



उनको अपना आदर्श मानकर काम कर रहे है हमारी संस्था भी स्वामी जी के नाम पर है। श्री साहू ने आगे बताया कि स्वामी जी बचपन से एकाग्रता के साथ हर कार्य करते थे। उन्होंने अनेकों भाषाओं में पारंगत हो गए थे उनकी स्मरण शक्ति इतनी तीव्र थी कि जो भी पढ़ते तुरंत याद कर लेते थे उनकी माता जी ने बचपन से ही एकाग्रता करना सिखाया। स्वामी जी बचपन से आध्यात्मिक रहे साधु जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने कई आंदोलन छेड़े। उनकी स्मृति कभी भुलाई नहीं जा सकती। उनका व्यक्तित्व इतना अद्भुत था कि हजारों वर्षों तक उनको सभी याद रखेंगे और ऐसे ही 12 जनवरी को उनकी जयंती पर युवा दिवस मनाएंगे।इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव,जिला अध्यक्ष आदित्य पराते, शहर अध्यक्ष एस के देवांगन, भरत देवांगन, मेहुल, आकाश सोनी, अशोक, कौशल, अजय कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।



### स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत थे : फिरोज़ अंसारी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला खेल राजनांदगांव द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन फिरोज़ अंसारी सह- सचिव हॉकी इंडिया तथा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी के मुख्यआथित्य, डी कोण्डिया महासचिव छत्तीसगढ़ वूशु संघ, ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशिष्ट आथित्य में आज गांधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कूल मैदान में सम्पन्न हुआ। युवा दिवस के अवसर पर भाषण, काव्य पाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि फिरोज़ अंसारी ने कार्यक्रम को संबोधित कर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863, को कोलकाता में हुआ था, स्वामी विवेकानंद एक महान आध्यात्मिक गुरु, विचारक और समाज सुधारक थे। उन्होंने वेदांत और योग को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करते हुए रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। युवा दिवस कार्यक्रम में जिले के स्कूल एवं कॉलेज तथा प्रतिनिधि सहित कुल 45 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रंगोली काव्यपाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि व मोमेंटो खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंकज सोलंकी, सुदेश यादव, पुनाराम यादव, रितेश देवांगन निर्णायकगण के रूप में साथ ही प्रेरणा राणे साहू खेल विभाग, गफ्फार खान, कृष्णा यादव, उमेश साहू, रेवती बाई, राजाराम साहू, पुनेश्वर निषाद, पलक सोलंकी, स्वाति निर्मलकर, सौरभ देवांगन, प्रतिमा चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## प्रिया होजयारी के नाम रहा अग्रसेन प्रीमियर लीग का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल के तत्वाधान में आयोजित बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफायनल के रोमांचक मुकाबले में प्रिया होजयारी विरुद्ध श्याम मार्केटिंग के बीच हुआ जिसमें प्रिया होजयारी ने शानदार खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम किया। दूसरे सेमी फायनल में श्रीराम इण्डस्ट्रीज विरूद्ध गोयल दाल मिल के मध्य मैच खेला गया जिसमें श्रीराम इण्डस्ट्रीज ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।



अग्रसेन प्रीमियर लीग सीजन -6 के खिताबी मुकाबले में प्रिया होजयारी और श्रीराम इण्डस्ट्रीज के मध्य खेला गया। मुकाबले से पहले टॉस श्रीराम इण्डस्टीज ने जीता और बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए श्रीराम इंडस्ट्रीज ने निर्धारित 10 ओवरों में 60 रनों का साधारण सा लक्ष्य दिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी प्रिया होजयारी की टीम के लिये यह साधारण सा लक्ष्य भी असाधारण सा प्रतीत होने लगा मध्यक्रम के बल्लेबाज वैभव अग्रवालव टीम के ऑनर प्रतीक अग्रवाल की सुझबुझ बल्लेबाजी ने निर्धारित 10 ओवरों से पहले 9वें ओवर में ही जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया विनिंग रन अंकुश अग्रवाल ने सिक्स लगाकर मैच का अंत किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच शौर्य गोयल रहे।

### रूद्राक्ष रहे बेस्ट गेंदबाज

बेस्ट बल्लेबाज रुद्राक्ष अग्रवाल बेस्ट गेंदबाज वैभव अग्रवाल, बेस्ट फील्डर वैभव अग्रवाल मैन ऑफ द सीरीज वैभव गोयल को उनके ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिये दिया गया। खिताब विजेता टीम को 25000/- की पुरस्कार राशि एवं रनर-अप टीम को 15000/- की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### भजन संध्या का आयोजन

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में आयोजित बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में भजन जैमिंग रूबल सिंग अरोरा के द्वारा प्रस्तुत किया गया । जिसमें समाज के सभी वर्गो ने आनंद उठाया भजन संध्या सिंघल परिवार, नथमल सिंघल, स्व. श्री प्रेमप्रकाश सिंघल एवं रिषभ सिंघल की स्मृति में आयोजित था।

### आयुक्त ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** ममता नगर वार्ड के कुछ क्षेत्रों में नल में गंदा पानी आने की शिकायत पर गत दिनों नगर निगम का अमला सफाई अभियान चलाकर लिकेज पाईप लाइन की जांच करना तथा क्लोरिन टेबलेट वितरण एवं प्रभावित क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई कर रही है। जिसका शुक्रवार सुबह नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण किया और उक्त क्षेत्र की टंकी सफाई करने के निर्देश दिए।

## श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का भव्य समापन



**राजनांदगांव।** शहर के समीप ग्राम भंवरमरा में श्री राम मानस मंडली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आज धार्मिक वातावरण में समापन हुआ। सम्मेलन के अंतिम दिवस जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, जिला महामंत्री नीलमणी साहू, कार्यालय प्रभारी जगमोहन साहू एवं मीडिया प्रकोष्ठ के अंकालू साहू आदि उपस्थित थे।







## सार्वजनिक स्थानों पर चाकू लेकर धमकाते दो पकड़ाए

**राजनांदगांव।** रोड एवं ओव्हरब्रिज के नीचे चाकू लेकर घुमने और लोगों को डराने धमकाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर धारदार चाकू बरामद किया है।

पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चला कर धरपकड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत 12 जनवरी को मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि उत्तम पारेख 26 वर्ष संजय नगर लखोली, मोहारा ओवरब्रिज के नीचे तथा अजय ढीमर उर्फ जुग्गा 26 वर्ष लखोली, मोहारा बायपास लखोली रोड पर अपने-अपने हाथों में धारदार चाकू लेकर आम जनता को डरा-धमका रहे हैं।

### अलग-अलग स्थानों पर पकड़ाए

सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचकर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पृथक-पृथक स्थानों से पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपियों को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## मोपेड़ में ले जा रहा था शराब, पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** मोपेड़ में अवैध रूप से शराब ले जा रहे युवक को सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 34 पौव्वा शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 12 जनवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक व्यक्ति होण्डा एक्टीवा स्कूटी में डोंगरगांव से ग्राम कोहका की ओर से आ रहा है।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम कोहका के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 34 पौव देशी शराब कीमती 2720 रुपए जब्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम आशीष शेण्डे उम्र 30 साल बोधीटोला डोंगरगांव का बताया। बरामद मदिरा को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया।

### 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# छग के खिलाड़ियों का विजय अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें देश के 27 राज्य एवं 9 शैक्षणिक संस्थान सहित कुल 36 बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खेले गये मैचों में मेजबान छत्तीसगढ़ के की बालक-बालिकाओं ने 17 वर्ष आयु वर्ग में अपने-अपने बास्केटबाल मैंच जीतकर प्री-क्वार्टर फायनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गई है। वहीं अन्य मैंचों में भी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, सीबीएसई (डीपीएस राजनांदगांव) एवं सीबीएससीडब्लूएसओ भी प्रतिस्पर्धा में आगे चल रही है।



दिग्विजय स्टेडियम के साथ ही 6 बास्केटबॉल इण्डोर एवं आउटडोर कोर्ट में खेली जा रही स्पर्धा के बास्केटबाल बालिका 17 वर्ष के मैच में मध्यप्रदेश ने आईएसओ को 54-34 अंकों से, दिल्ली ने तेलंगाना को 40-07 अंकों से, राजस्थान ने बिहार को 37-2 अंकों से, हरियाणा ने आंध्रप्रदेश को 53-11 अंकों से, हिमाचल प्रदेश ने गुजरात को 54-33 अंकों से, महाराष्ट्र ने पंजाब को 62-33 अंकों से, सीबीएसई (डीपीएस राजनांदगांव) ने देव कॉलेज को 58-12 अंकों से, छत्तीसगढ़ ने पश्चिम बंगाल ने 32-21 अंकों से, राजस्थान ने उत्तराखण्ड को 40-17 अंकों से, तमिलनाडू ने बिहार को 59-8 अंकों से, गुजरात ने पंजाब को 58-37 अंकों से, केन्द्रीय विद्यालय ने मणिपुर को 29-2 अंकों से, केरल ने उड़िसा को 51-4 अंकों से, सीआईएससीई ने विद्याभारती को 43-22 अंकों से, पुडूचेरी ने जम्मू-कश्मीर को 21-8 अंकों से तथा मध्यप्रदेश ने दिल्ली को 75-57 अंकों से हराया, वहीं बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने मणिपुर को 38-8 अंकों से, सीआईएससीई ने हरियाणा को 63-50 अंकों से, केन्द्रीय विद्यालय ने मिजोरम को 48-36 अंकों से, राजस्थान ने झारखण्ड को 41-12 अंकों से, गुजरात ने त्रिपुरा 36-1 अंकों से, बिहार ने उड़िसा को 29-11 अंकों से, दिल्ली ने आईबीएसओ को 61-4 अंकों से, जम्मू-कश्मीर ने नवोदय विद्यालय को 51-49 अंकों से, मध्यप्रदेश ने देव कॉलेज को 49-26. अंकों से, उत्तर प्रदेश ने विद्याभारती को 45-27 अंकों से, पंजाब ने पुडूचेरी को 66-18 अंकों से, चंड़ीगढ़ को 59-49 अंकों से, महाराष्ट्र ने तेलंगाना को 59-27 अंकों से, आंध्रप्रदेश ने उत्तराखण्ड को 29-18 अंकों से, तमिलनाडू ने केरल को 55-45 अंकों से, सीपीएससी को त्रिपुरा को 34-11 अंकों से, सीबीएससीडब्लूएसओ ने पश्चिम बंगाल को 47-31 अंकों से, आईपीएससी ने देव कॉलेज को 37-6 अंकों से, छत्तीसगढ़ ने केन्द्रीय विद्यालय को 45-18 अंकों से, गुजरात ने बिहार को 34-19 अंकों से, पंजाब ने चंड़ीगढ़ को 70-56 अंकों से हराया।



**खबर संक्षेप**

## रूसे में मातर मड़ई मनाई गई



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम रूसे स्थित ग्राम गौठान परिषर में भव्य मातर मड़ई का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा के अनुसार यादव समाज की माताओं द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कृष्ण कन्हैया एवं गोवर्धन भगवान की आराधना की गई तथा पारंपरिक दोहा लगाया गया। इस मातर मड़ई कार्यक्रम में ग्राम के साथ साथ आसपास क्षेत्र के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मिली जानकारी के अनुसार मातर मड़ई आपसी सहयोग एवं भाईचारे के साथ संपन्न होने वाला यह आयोजन आज भी छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के गांवों के लोगों की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि मातर मड़ई की तैयारी लगभग एक सप्ताह पूर्व से ही प्रारंभ हो जाती है और इसे ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी उत्सव के साथ बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### डिप्टी सीएम के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा में विकास की गति लगातार तेज: ईश्वरी साहू

# सिल्हाटी में 1.52 करोड़ की आदिवासी बालक छात्रावास का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रयासों से सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सिल्हाटी में 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रूपए की लागत से स्वीकृत 50 सीटर प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के निर्माण कार्य का आज विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। निर्माणाधीन छात्रावास से आसपास के आदिवासी विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 10वीं तक निःशुल्क आवासीय तथा भोजन सुविधा प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए परिसर में स्वास्थ्य सुविधा, खेल मैदान, मनोरंजन हेतु खेल सामाग्री, लाइब्रेरी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह छात्रावास ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए सुरक्षित और उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो की गति लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मंशानुरूप स्वीकृत कार्यो का निरंतर भूमिपूजन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकता आदिवासी अंचलों में शिक्षा का प्रसार, युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना एवं उनके भविष्य को सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, आदिवासी विकास, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक की विशेष पहल के परिणामस्वरूप कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 50 शालाओं में आधुनिक तकनीक आधारित स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रारंभ की गई है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, डिजिटल और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो रहा है।



### शिक्षा स्तर में सुधार व शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता भी बढ़ेगी

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने की जो पहल की जा रही है, यह छात्रावास उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस छात्रावास के निर्माण होने से न केवल शिक्षा स्तर में सुधार होगा, बल्कि आसपास के गांवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। बच्चों को बेहतर संसाधन उपलब्ध होने से उनकी प्रतिभाओं को नया मंच मिलेगा। छात्रावास के निर्माण से शिक्षा के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ेगा और ड्रॉपआउट में भी कमी आएगी। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो को गति मिल रही है तथा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, जिससे आमजन में विश्वास और संतोष का वातावरण बना है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने इस छात्रावास की सुविधा के लिए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि छात्रावास के निर्माण से बच्चों को सुरक्षित आवास, संसाधनयुक्त वातावरण और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे उनकी शिक्षा में सुधार होगा और अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी।



## कुई में क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, खुड़िया बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

वनांचल क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से स्व. बी आर धुर्वे एवं स्व. लखन सिंह धुर्वे की स्मृति में वनांचल क्रिकेट समिति कुई के तत्वाधान में आयोजित वनांचल के तिहार क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन गत दिनों 11 जनवरी को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

समापन दिवस पर पहला सेमीफाइनल मुकाबला कुकदूर एवं खुड़िया के बीच 12-12 ओवरों का खेला गया। कुकदूर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन बनाए, जिसे खुड़िया की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मात्र 10 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इसके पश्चात फाइनल मुकाबला कुई बनाम खुड़िया के बीच खेला गया। कुई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा, लेकिन खुड़िया की टीम ने रोमांचक अंदाज में अंतिम ओवर में लक्ष्य हासिल कर विजय प्राप्त की। वहीं फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए खुड़िया की टीम ने खिताब अपने नाम किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि धनसिंह बनवाली धुर्वे वहीं विशिष्ट अतिथि बसंत वाटिया, कृष्ण कुमार कुंभकार, शिवकुमार धुर्वे, कन्हैया रजक, जोनू लहरे, साधु राम कोठारी, आनंद मरावी, राधेश्याम वाटिया, कृपाराम धुर्वे, अजीत धुर्वे, माखन धुर्वे, खेलन सिंह धुर्वे, जूठेल कोठारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं खेलप्रेमी उपस्थित थें। इस फाइनल क्रिकेट मैच में खुड़िया के बल्लेबाज रामकुमार ने शानदार 85 रनों की निर्णायक पारी खेलकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ विनय धुर्वे को मैन ऑफ द सीरीज के सम्मान से सम्मानित किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम के साथ प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन



■ स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहीद नरेंद्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद का 163 वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिस पर स्कूल प्रांगण में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। वहीं स्वयंसेवक पीयूष जायसवाल द्वारा विवेकानंद की जीवन से जुड़े हुए विभिन्न प्रकार के प्रेरणाप्रद सच्ची कहानी के साथ संक्षिप्त जीवन परिचय अपने उद्बोधन में व्यक्त किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत व्याख्याता ने राष्ट्रीय युवा दिवस के इस पावन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद के जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, स्वामी विवेकानंद का संदेश वर्तमान परिपेक्ष्य के साथ-साथ भविष्य में भी छात्र-जीवन के लिए प्रासंगिक साबित होते रहेंगे। स्वामी विवेकानंद के संदेशों को जोड़ते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कभी-कभी हमारे सामने अनेक मार्ग दिखाई देते हैं और हम एक लक्ष्य का निर्धारण कर पाने में सक्षम नहीं हों पाते जिसे स्वामी विवेकानंद के विचार को आत्मसात कर अपने आप पर विश्वास रखते हुए एक निश्चित लक्ष्य का निर्धारण भी कर सकते हैं और नैतिक मूल्यों को भी अपने भीतर जीवन्त रख सकते हैं।

इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य जोध्या राम बंजारे सहायक कार्यक्रम अधिकारी किशन लाल सत्यवंशी, व्याख्याता महेंद्र कुमार श्रीवास, वीरेंद्र कुमार शर्मा, हरीश कुमार कुर्रे, विजय कुमार चंद्रवंशी, श्रीमती प्रीति तिवारी, श्रीमती भावना साहू, रवि कुमार सहित सभी स्टाफ के साथ स्वयंसेवक चिंटू, ओंकार, नागेश्वर, गोदावरी, आरती, सुप्रिया, दीपाली, दुर्गेश्वरी, पूजा, प्रियंका सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे, कार्यक्रम के पश्चात प्रमाण पत्र हेतु साक्षात्कार परीक्षा लिया गया, जिसमें 58 स्वयंसेवकों में से 51 उपस्थित थें।

## विकासखंड स्तरीय प्रावीण्यता उन्नयन व अभिप्रेरणा कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया में गत दिनों 10 जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रावीण्यता उन्नयन, परामर्श, समाधान एवं अभिप्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विकासखंड पंडरिया के समस्त हाई स्कूल एवं हॉयर सेकेंण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट सफलता के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को टिप्स एंड ट्रिक्स के माध्यम से बेहतर अंक अर्जित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही परीक्षा के दौरान तनाव से बचने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी एनके एक्का, सहायक नोडल अधिकारी शैल बिसेन, सभी विषय विशेषज्ञों सहित संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल मार्गदर्शक बल्कि प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

### सफलता के लिए अधिकारियों ने दिया प्रेरक संदेश

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा सहित जिले के अन्य अधिकारीगण शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मन, लगन और मेहनत से अध्ययन करने पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सहायक संचालक युआर चंद्राकर ने विद्यार्थियों को सटीक एवं निर्धारित शब्द सीमा में उत्तर लिखने, लेखन अभ्यास करने तथा परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं एमआईएस प्रशासक सतीश यदू ने मोटिवेशनल वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित कर लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

## दूषित जल, पीड़ितों के न्याय के लिए सड़कों पर उतरी महिला कांग्रेस

### पूर्व विधायक ममता चंद्राकर के नेतृत्व में निकाली न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने एवं इस संकट में दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित न्याय यात्रा में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने सशक्त नेतृत्व प्रदान किया। इस दौरान उनके साथ अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं मध्यप्रदेश सह प्रभारी श्रीमती ममता वशिष्ठ तथा मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया विशेष रूप से उपस्थित थें। यह संयुक्त दौरा एवं पैदल मार्च कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहे से प्रारंभ होकर राजबाड़ा तक निकाला गया। पैदल मार्च में बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान दूषित जल त्रासदी के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने, दोषियों पर कठोर कार्यवाही तथा पीड़ितों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

न्याय यात्रा रैली के उपरांत महिला कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अल्का लांबा के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी श्रीमती ममता चंद्राकर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए ममता चंद्राकर ने कहा कि महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन सृजन, महिला सशक्तिकरण, महिला आरक्षण एवं सदस्यता अभियान को आगामी कार्ययोजना का केंद्र बिंदु बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। साथ ही साथ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेशभर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने न्याय यात्रा को जनभावनाओं की आवाज बताते हुए इसे आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## जब-जब धरती पर पाप बढ़ा, तब-तब प्रभु ने अवतार लिया: कथा व्यास जगतगुरू रामानंदाचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में 10 से 14 जनवरी तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अंतराष्ट्रीय कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य श्रीश्री 1008 वल्लभाचार्य महाराज, पीठाधीश्वर रामहर्षण मैथिली सख्य पीठ अयोध्या धाम उत्तरप्रदेश के सान्निध्य में कथा प्रवचन के दौरान महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ा है, तब-तब प्रभु ने राम और कृष्ण जैसे अवतार लेकर अधर्म का नाश किया है। प्रभु श्रीराम ने रावण जैसे अहंकारी का वध कर धर्म की स्थापना की, वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने कंस व पूतना जैसे महापापियों का संहार कर मानवता का उद्धार किया। श्री राम कथा के अमृतमयी प्रवचनों से समूचा वातावरण भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्रामवासी सहित आसपास के क्षेत्र वासियों द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण पान किया जा रहा है। यह आयोजन श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। इस कार्यक्रम में नरेश चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी, कल्प चंद्रवंशी, कोमल चंद्रवंशी, गीतेश्वर चंद्रवंशी, माखन चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, इतवारी यादव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

### अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया

## अभ्युदय स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती मनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सेवा-भावना, अनुशासन एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राममुरारी यादव विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्ग विभाग एवं कार्य खंड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड पंडरिया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वृद्धाश्रम से पधारे वरिष्ठ नागरिकगण, विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को भावनात्मक और प्रेरणादायक स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का तिलक एवं उनके द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद को केवल संत नहीं, बल्कि युगद्रष्टा, राष्ट्रचिंतक और महान दार्शनिक बताया। उन्होंने गुरु परमहंस रामकृष्ण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने 11 सितंबर 1893 को शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा के ऐतिहासिक उद्बोधन का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि मात्र पांच मिनट में स्वामी विवेकानंद ने भारत के गौरव,आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को विश्व मंच पर पुनः स्थापित कर दिया।

उन्होंने सनातन संस्कृति की सहिष्णुता, शरणागत भाव, प्रकृति-पूजन, जल संरक्षण और चरित्र की महत्ता पर भी सारगर्भित प्रकाश डाला। कार्यक्रम की इसी कड़ी में हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती रीता ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो संबोधन मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों को वसुधैव कुटुंबकम की भावना का उद्घोष बताते हुए भारत को विश्वगुरु के रूप में प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य, भाषण एवं कविताओं की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें स्वामी विवेकानंद के विचार सजीव हो उठे।

इस कार्यक्रम के उपरांत युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात नारायण द्वारा कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की गई।

### महा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन

इस अवसर पर डॉ शिवगोपाल, डॉ सतीश कुमार शर्मा एमडी पैथोलॉजिस्ट, डॉ सूर्यकांत भारती एवं नवजीवन रक्तदान सेवा संस्थान के सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रही। जिनके सहयोग, मार्गदर्शन एवं निःस्वार्थ सेवाभाव से यह पुनीत कार्य निरंतर सफलताओं की ओर अग्रसर है। गौरतलब हो कि नवजीवन संस्थान के सदस्यों के द्वारा विगत 9 वर्षो से निःस्वार्थ सेवा की एक प्रेरणादायी मिशाल प्रस्तुत कर रहे हैं। 9 फरवरी 2016 को स्थापित यह संस्था आज 21 समर्पित सदस्यों के साथ सप्ताह के सातों दिन सुनियोजित एवं अनुशासित रूप से सेवा कार्यो मे संलग्न है, जहां प्रत्येक सदस्य को प्रतिदिन निश्चित सेवा-दायित्व सौंपे जाते हैं।

## पेंड्रीकला में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्रीकला में सोमवार को महान संत, विचारक और राष्ट्रप्रेमी स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रेरणादायी वातावरण देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनके योगदान से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के तेलचित्र पर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। इसके पश्चात प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वामी विवेकानंद द्वारा देश और समाज के उत्थान के लिए दिए गए योगदान, शिक्षा के महत्व और युवाओं की भूमिका के बारे में सरल शब्दों में समझाया गया। शिक्षकों ने भी स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें, कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और आत्मबल की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया, जिससे जयंती आयोजन सार्थक सिद्ध हुआ।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 8 से प्रारंभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाना है। प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन एकलव्य विद्यालयों की विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 01 मार्च 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि 08 जनवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक निर्धारित है, जबकि ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक रहेगी।

### खाता खोलने बैंकों को दिए गए निर्देश

**कवर्धा।** कबीरधाम जिला अंतर्गत समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किए जाने का निर्णय शासन के द्वारा लिया गया है, तथा इस योजना हेतु आधार नंबर का बैंक खाते से सीडेड होना अनिवार्य है। बैंक के अधिकारियों को विद्यार्थियों के नाम पर आधार सीडेड बैंक खाता खोलने के लिए निर्देशित किया गया था। बैंक खाता खोलने के बाद आधार सीडिंग नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लीड के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले अंतर्गत संचालित सभी बैंक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के निःशुल्क आधार-सीडेड बैंक खाते खोलना सुनिश्चित करें तथा जिन विद्यार्थियों के खातों में आधार सीडिंग नहीं है, उनके बैंक खातों में आधार सीडिंग की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराएं। ताकि विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति राशि का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### अनमैप मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन

**कवर्धा।** जिले में एसआईआर के तहत मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। सुनवाई चरण में प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात दावा-आपत्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान सभी अनमैप मतदाता को नोटिस जारी कर निर्धारित तारीख पर सुनवाई की जा रही है।

## निधन

### शिवकुमार चंद्रवंशी



**कवर्धा।** ग्राम झिरौनी के मालगुजार दाऊ स्व. चतुर सिंह चंद्रवंशी भूतपूर्व प्रथम विधायक कवर्धा के ज्येष्ठ पुत्र शिवकुमार सिंह चंद्रवंशी अधिवक्ता एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कवर्धा के कुर्मी क्षत्रिय समाज के छात्रावास के आजीवन अध्यक्ष का सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक ग्राम झिरौनी में किया जाएगा। श्री चन्द्रवंशी के निधन से समाज के लोगों, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित परिजनो में शोक व्याप्त है।

**घोटाला:** केन्द्रों से वर्ष 2024-25 में खरीदा गया 14 करोड़ 37 लाख का धान गायब

# तीन और धान उपार्जन केन्द्रों में करीब 46369 क्विं. धान शॉर्टेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा

जिले में धान खरीदी व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। बाजार चारभांठा धान संग्रहण केन्द्र में वर्ष 2024-25 के दौरान खरीदे गए लगभग सात करोड़ रुपए मूल्य के धान घोटाले का मामला अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि अब जिले के तीन अन्य धान उपार्जन केन्द्रों से बड़ी मात्रा में धान के गायब होने का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इन तीनों केन्द्रों से कुल 46 हजार 369 क्विंटल धान की शॉर्टेज पाई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 करोड़ 37 लाख रुपए बताई जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह तीनों धान उपार्जन केन्द्र विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इनमें धान उपार्जन केन्द्र कोदवागोड़ान में 6,561 क्विंटल, सराइसेत में 3,285 क्विंटल तथा कामठी धान उपार्जन केन्द्र में 2,385 क्विंटल धान की शॉर्टेज दर्ज की गई है। इतनी बड़ी मात्रा में धान का गायब होना जिले की धान खरीदी और संग्रहण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभांठा से वर्ष 2024-25 में खरीदे गए लगभग 26 हजार क्विंटल धान के शॉर्टेज का मामला उजागर हुआ था, जिसकी कीमत करीब सात करोड़ रुपए आंकी गई थी। इस प्रकरण में प्रशासन द्वारा केन्द्र प्रभारी को निलंबित करते हुए जिला विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हालांकि इस मामले की जांच अभी जारी है और जांच टीम की अंतिम रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है। अब चारभांठा प्रकरण के बाद जिले के तीन और उपार्जन केन्द्रों से करोड़ों रुपए मूल्य के धान की शॉर्टेज सामने आने से लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति असंतोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन की अनदेखी और कमजोर निगरानी व्यवस्था के चलते कबीरधाम जिले में धान खरीदी के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाले और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से धान की हेराफेरी हो रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि धान उपार्जन केन्द्र कोदवागोड़ान में इससे पूर्व भी बड़ा धान घोटाला सामने आ चुका है, बावजूद इसके यहां एक बार फिर भारी मात्रा में धान की शॉर्टेज का मामला सामने आना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि इन नए मामलों में प्रशासन किस प्रकार की जांच और कार्रवाई करता है, या फिर ये करोड़ों के घोटाले भी फाइलों में ही दबकर रह जाएंगे।




### शार्टेज नहीं कबीरधाम जिले में सीधे तौर पर धान घोटाला है

लोगों का साफ कहना है कि जिसे समिति प्रबंधक और प्रशासन सूखत के चलते शार्टेज बता रहा है वह दरअसल सीधे तौर पर धान का घोटाला है। अगर यह वास्तव में सूखद है तो फिर जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में सूखद होना चाहिए और फिर जिले ही क्यों प्रदेश भर के धान खरीदी और संग्रहण केन्द्रों में शार्टेज होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सूखद और शार्टेज के नाम पर धान घोटाला का खेल सिर्फ कबीरधाम जिले में ही खेला जा रहा है।

### विपक्षी दल भी मुंह देखकर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति

धान घोटाले के इस मामले में विपक्षी दल कांग्रेस भी मुंह देखकर धरना प्रदर्शन करते दिखाई दे रहा है। जिस ढंग से विपक्षी दल कांग्रेस ने बाजार चारभाठा धान संग्रहण केन्द्र से सामने आए सात करोड़ के धान खोटाले के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन किया वैसा कुछ विकासखण्ड पंडरिया के धान खरीदी केन्द्रों में धान घोटाले को लेकर देखने को नहीं मिला है। ऐसे में लोग विपक्ष नीति पर भी सवाल उठा रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल बस चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा

सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के लिए पीजी कॉलेज मैदान में परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यातायात विभाग एवं नगर सेना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल बसों की जांच तथा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। परिवहन विभाग के जिला परिवहन अधिकारी मोहन लाल साहू सहित राजेश देवांगन एवं सुमित सोनी की टीम ने बसों में लगे अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकासी द्वार, स्पीड लिमिट डिवाइस, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, कैमरा, रिफ्लेक्टिव टेप तथा फर्स्ट-एड बॉक्स सहित सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच की। शिविर में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 120 बस चालक अपने-अपने वाहनों सहित उपस्थित हुए। यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी एवं टीम ने चालक एवं परिचालकों को यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन संबंधी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. धीरेंद्र शर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी के नेतृत्व में सभी चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से चालकों का फिट होना आवश्यक है। नगर सेना अधिकारी श्री श्रीवास्तव एवं टीम ने आगजनी अथवा दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन निकासी, बस में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र के उपयोग तथा दुर्घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षण दिया। शिविर के माध्यम से चालकों को सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# ग्राम बेंदा में बाघिन की चहलकदमी से दहशत?

## दो शावकों के साथ दिखने का ग्रामीणों का दावा



- ग्रामीण की गाय का शिकार किए जाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत वनांचल क्षेत्र चिल्फी घाटी के सीमावर्ती ग्राम बेंदा में इन दिनों एक बाघिन की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार बीते कुछ दिनों से एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ इस क्षेत्र में लगातार चहलकदमी कर रही है। बाघिन को गांव के आसपास और जंगल की सीमा में कई बार देखे जाने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का दावा है कि बाघिन ने गांव के एक ग्रामीण की गाय का शिकार किया है। गाय का कंकाल पास के जंगल क्षेत्र में पड़ा देखा गया है, जिससे बाघिन द्वारा शिकार किए जाने की आशंका और गहराई है। इसके अलावा गांव से एक बकरी के भी अचानक गायब होने की सूचना है, जिसके बारे में ग्रामीणों का अनुमान है कि वह भी इसी बाघिन का शिकार हो सकती है। क्षेत्र में बाघिन की गतिविधियों के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में काम करने, जंगल जाने और बच्चों को बाहर भेजने में भारी डर बना हुआ है। शाम होते ही लोग अपने घरों में सिमटने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने संभावित खतरे को देखते हुए वन विभाग को इसकी सूचना दे दी है। हालांकि, बाघिन की मौजूदगी और मवेशियों के शिकार की घटनाओं को लेकर वन विभाग ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग के किसी भी क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका, जिससे विभाग की ओर से स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तत्काल गश्त बढ़ाने, निगरानी दल तैनात करने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग की अगली कार्रवाई पर अब पूरे क्षेत्र की नजर टिकी हुई है।

### तापमान में बदलाव से फिर बढ़ी ठंड, शीतलहर पर बरते सावधानी

**कवर्धा।** जिले में शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि जिले का तापमान दिन के समय 24 सेल्सियस से कम और रात में 10 सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में ठंडी हवाओं का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. तुर्रे ने बताया कि शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों एवं उच्च रक्तचाप वाले मरीजों पर पड़ता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने से हृदय पर दबाव बढ़ जाता है जिससे हृदयघात, ब्रेन स्ट्रोक और अनियमित धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक ठिठुरन, शरीर अकड़ना, उंगलियों का पीला या सफेद होना, सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें।

# अमेरा से कुशयारी तक सड़क मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम अमेरा से कुशयारी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षो पूर्व निर्मित कराई गई डामरीकृत पक्की सड़क मरम्मत एवं रखरखाव के आभाव में अब दम तोड़ने लगी है। स्थिति ये है कि सड़क का डामर जगह-जगह से उखड़ने लगा है और सड़क में गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिससे राहगीर वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़के क्षेत्र के कई ग्रामीणों के लिए लाईफ लाईन है इस क्षेत्र के दर्जनो ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है लेकिन समय के साथ मरम्मत एवं रखरखाव के आभाव में अब यह सड़क जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। उन्होने कहा कि अगर समय रहते संबंधित विभाग व शासन इस उपयोगी सड़क की मरम्मत करा देता है तो ठीक है नहीं तो आने वाले दिनो में सड़क की हालत और ज्यादा खराब होने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनो में लोगों को और भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरूकुल अपराजेय




**कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहा है। कैसी भी प्रतियोगिता हो हर प्रतियोगिता में गुरुकुल के बच्चों ने अंश ग्रहण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है । इसी कड़ी में कवर्धा नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में कबीरधाम शहर प्राईवेट स्कूल संघ के तत्वावधान में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 से 11 जनवरी तक किया गया। जिसमें नगर के दिल्ली पब्लिक स्कूल, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल रवेली कुल आठ टीम सम्मिलित हुए। इसमें गुरुकुल ने अपनी अपराजेय छवि को बरकरार रखा है। बताना लाजिमी होगा कि इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों ने अंश ग्रहण किया। इसमें गुरुकुल ने सेमी फाइनल में अशोका पब्लिक स्कूल को 04 रनों से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई और फाइनल मैच में श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा ने 08 ओवर में 85 रन बनाया जबकि गुरूकुल पब्लिक स्कूल ने मात्र 4.3 ओवर में ही 02 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर विजेता का खिताब हासिल किया। खेले गए चार मैचों में से तीसरे और चौथे मैच के मैन ऑफ द मैच पुरस्कार क्रमशः गुरूकुल के प्रथम चंद्रवंशी, विवेक नेताम को प्रदान किया गया।

### छिरहा में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन




**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम भारत के महान संत, विचारक और युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। स्वामी विवेकानंद केवल एक संत ही नहीं, बल्कि युवा शक्ति के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध कथन उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए आज भी हमारे जीवन को दिशा देता है। स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के अंदर छिपी हुई शक्तियों को जागृत करना है। उन्होंने सेवा को ही सच्चा धर्म बताया और मानवता की सेवा को ईश्वर की सेवा माना। शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में उनका ओजस्वी भाषण भारत की आध्यात्मिक महानता का प्रतीक बना। आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम और सेवा भावना को अपनाकर ही हम एक श्रेष्ठ नागरिक बन सकते हैं। इस जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि उनके विचारों को अपने आचरण में अपनाकर राष्ट्र और समाज के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम में व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**6 दिवसीय हिंदू संगम महोत्सव में आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम**

# कलश यात्रा के साथ आज से बांधाटोला बोड़ला में हिन्दू संगम महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸बोड़ला

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या के अवसर पर 6 दिवसीय हिंदू संगम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की शुरुआत आज 13 जनवरी से होगी, जो 18 जनवरी तक चलेगा। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन वर्ष 2013 की तरह भव्य स्वरूप में संपन्न होगा। हिंदू संगम महोत्सव के प्रथम दिन मातृशक्ति सम्मेलन एवं भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय दुर्गा वाहिनी की संयोजिका सुश्री प्रज्ञा महाला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं मातृशक्ति सम्मेलन व कलश यात्रा की संयोजिका श्रीमती भावना बोहरा (विधायक, पंडरिया) रहेंगी। इसी प्रकार 14 जनवरी को हिंदू संगम कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले पुरुषों के लिए धोती तथा महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य किया गया है। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने हेतु पूर्व पंजीयन आवश्यक होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रविंद्र जोशी होंगे।

### 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर होगा भव्य हिंदू संगम सम्मेलन

महोत्सव का समापन 18 जनवरी, मौनी अमावस्या को भव्य हिंदू संगम सम्मेलन के साथ होगा। कार्यक्रम संयोजक दुर्गेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2013 से लगातार मौनी अमावस्या के अवसर पर हिंदू संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, और इस वर्ष भी 6 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन से अंतिम दिन तक प्रतिदिन यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में सर सह कार्यवाह रामदत्त चक्रधर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा की जाएगी। आयोजकों ने हिंदू समाज से अपील करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सामूहिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक हिंदू परिवार से एक मुट्ठी चावल एवं 10 रूपए का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है, जिससे समाज की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# किशुनगढ़ में एनएसएस शिविर का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸कोदवागोडान



किशुनगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम अधिकारी राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अगुवाई में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फलित साहू मंडल अध्यक्ष, दुल्लापुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में रोहित भास्कर पूर्व जनपद सदस्य, मितेन्द्र चंद्राकर एसएमडीसी अध्यक्ष किशुनगढ़, रामकुमार अमृता यादव सरपंच, नर्सिंगपुर, भाजपा नेता निर्मल साकत, वीरेंद्र जागड़े, मनबोध साकत, सुखनन्दन साकत, शंकर साहू, जय चंद्राकर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। शिक्षा जगत से प्राथमिक शाला नर्सिंगपुर के श्री ध्रुव, हेमंत चंद्राकर, हायर सेकेंडरी किशुनगढ़ से राम किशोर राजपूत, जगन्नाथ तिवारी, एसके बर्मन, नरेश बौद्ध, के. चंद्राकर, पीआर अंचल, रूबी सिंह ठाकुर, दीपलता तिवारी, पीटीआई मुकेश साहू, लवकेश बाबू, देवांगन, कन्हैया भारत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं व नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर खैरडोंगरी के प्राचार्य एवं उनकी टीम द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत गायन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।